समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# निष्क्रियता और खराब शॉट चयन ने बिगाड़ी बात : लॉर्ड्स मे टीम इंडिया की हार के 5 बड़े कारण।

Publisher Published on 15 Jul 2025



**लॉर्ड्स टेस्ट मे टीम इंडिया को इंग्लैडं से 22 रनों से हार मिली, जानिए इस हार की पांच सबसे बड़ी वजहे जो भारत की जीत मे बांधा बनीं।**

**Highlights of Match:** भारत और इंग्लैंड के बीच **5 टेस्ट मैचों** की सीरीज का तीसरा मुकाबला लॉड्‌र्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला गया। पांचवें दिन मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, लेकिन टीम इंडिया को **22 रनों से हार का सामना करना पड़ा**। भारत को जीत के लिए अंतिम दिन सिर्फ **135 रन बनाने** थे और उसके पास 6 विकेट बचे थे, फिर भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

**आइए जानते है भारत की इस हार के पीछे की 5 सबसे बड़ी वजहे:**

1. **यशस्वी जायसवाल का दोनों पारियों मे फ्लॉप होना**

टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज **यशस्वी जायसवाल** इंग्लैंड के तेज **गेदंबाज जोफ्रा आर्चर** का शिकार बने।
पहली पारी में **शून्य पर** आउट हुए।
दूसरी पारी में भी **मात्र 13 रन** बनाकर चलते बने।
शीर्ष क्रम की इस नाकामी ने भारत की नींव कमजोर कर दी।

2. **करुण नायर का खराब प्रदर्शन**

**करुण नायर** को टेस्ट टीम में कई मौके दिए गए, लेकिन वे खुद को साबित नहीं कर सके।
पहली पारी में उन्होंने **40 रन** बनाए,
लेकिन दूसरी पारी में नाकाम रहे।

महत्वपूर्ण मौके पर उनका फॉर्म में ना होना टीम पर भारी पड़ा।

3. **आकाश दीप पर लगाया गया भरोसा टूटा**

**गेदंबाज आकाश दीप** को दूसरे इनिंग में नंबर **5 पर बल्लेबाजी** के लिए भेजा गया, लेकिन उन्होंने **केवल 7 रन** बनाए।
उनकी विकेट गिरते ही दबाव भारत पर दोगुना हो गया और मिडिल ऑर्डर बिखर गया।

4. **ऋषभ पंत की असमय बर्खास्तगी**

**ऋषभ पंत** ने पहली पारी में **74 रनों** की शानदार पारी खेली, लेकिन दूसरी पारी में **जोफ्रा आर्चर** की गेंद पर **सिर्फ 9 रन** बनाकर आउट हो गए।
अगर वह **जडेजा** या **राहुल** के साथ साझेदारी निभाते, तो भारत जीत हासिल कर सकता था।

5. **शुभमन गिल ने खुद माना—हम नाकाम रहे**

टीम के कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा:
"हम आज आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरे थे, लेकिन लंबी साझेदारियां नहीं बना सके। विरोधी टीम ने बेहतर खेल दिखाया।"

उन्होंने अपनी जिम्मेदारी स्वीकारते हुए यह भी जोड़ा कि भारत को इस हार से सीख लेकर आगे बढ़ना होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.